# वैश्विक व्यापार का नया नेतृत्व कर रहा भारत

**अरविंद विरमानी ने भारत की भूमिका को सराहा**

**व्यापार घाटा घटा, सेवा क्षेत्र ने निभाई भूमिका**

**नयी दिल्ली, 14 जुलाई ( वार्ता ) नीति आयोग के सदस्य अरविंद विरमानी ने सोमवार को कहा कि भारत न सिर्फ वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है, बल्कि उसे नया स्वरूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है.**

नीति आयोग द्वारा जारी तीसरे 'ट्रेड वॉच क्वार्टरली' की प्रस्तावना में डॉ. विरमानी ने लिखा है, वैश्विक अर्थव्यवस्था में मौजूदा बदलावों और व्यापार के अलाइनमेंट में तेजी से आ रहे बदलावों के बीच भारत स्थिरतापूर्वक खुद को न सिर्फ एक भागीदार के रूप में मजबूत कर रहा है, बल्कि नये वैश्विक व्यापार ढांचे का स्वरूप तय करने वाली ताकत बन रहा है. उन्होंने कहा कि जहां वैश्विक व्यापार में आंशिक रूप से आर्थिक विलगाव देखा जा रहा है, भारत इससे लाभ पाने की संभावना वाले देश के रूप में उभर रहा है.

रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2024) में देश के व्यापार की समीक्षा की गयी है. इसमें बताया गया है कि तिमाही के दौरान वस्तु निर्यात तीन प्रतिशत बढ़कर 108.7 अरब डॉलर पर और आयात 6.5 फीसदी बढ़कर 187.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया. सेवा क्षेत्र का निर्यात 17 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 52.3 अरब डॉलर हो गया जिससे व्यापार घाटा कम करने में मदद मिली. यह इस बात का संकेत है कि वैश्विक स्तर पर सेवा-अर्थव्यवस्था में भारत की स्थित मजबूत हो रही है.

रिपोर्ट के अनुसार, भारत 2024 में डिजिटल माध्यमों से दी गयी सेवाओं में 269 अरब डॉलर के साथ दुनिया का पांचवां सबसे बड़ी निर्यातक रहा. साल 2014 से हाई-टेक वस्तुओं का निर्यात भी बढ़ा है.

रिपोर्ट जारी करते हुए डॉ. विरमानी ने कहा कि भारत का बढ़ता व्यापार अर्थव्यवस्था की बढ़ती मजबूती की ओर इशारा करता है जो प्रतिस्पर्धात्मकता, नवाचार और अमेरिका सहित महत्वपूर्ण बाजारों में उपस्थिति बढ़ाने के रणनीतिक प्रयासों में बढ़ोतरी की ओर इशारा करता है.

> नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बी.वी.आर. सुब्रमण्यम ने प्रस्तावना में लिखा है कि जिन सेक्टरों में कर लाभ का अंतर मामूली है, वहां भी भारत पिछड़ता हुआ नहीं नजर आ रहा है. बदलते व्यापार वातावरण में भारत के पास अपने मौजूदा लाभों का फायदा उठाकर निर्यात के नये क्षेत्रों में प्रवेश का मौका है. उन्होंने कहा कि एक ऐसे समय में जब भूराजनीतिक बदलावों, प्रौद्योगिकी में बदलाव, नीतिगत अनिश्चितता के कारण वैश्विक व्यापार का स्वरूप बदल रहा है, रिपोर्ट का यह संस्करण नीति निर्माताओं, उद्योग और शिक्षा क्षेत्र में काम करने वालों से महत्वपूर्ण संसाधन साबित होगा.

## शेयर बाजारों में लगातार चौथे दिन गिरावट

**मुंबई, 14 जुलाई ( वार्ता )** अमेरिका में ट्रम्प सरकार की व्यापार नीति से फैली अनिश्चितताओं और मांग को लेकर बढ़ती चिंता के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला लगातार चौथे दिन सोमवार को जारी रहा.खास कर टेक्नोलॉजी और ऑटो कंपनियों के शेयरों में बिकवाली के दबाव से बीएसई30 पिछले बंद के मुकाबले 247.01 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82253.46 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 भी 67.55 अंक यानी 0.27 प्रतिशत घट कर 2582.30 अंक पर बंद हुआ.बीएसीई सेंसक्स में एशियन पेंट, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक, टीसीएस, मारुति, टाटा मोटर, रिलायंस और एचडीएफसी बैंक सहित 20 शेयर गिरावट में बंद हुए.

# भारत बनेगा 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था

**जीसीसी से होगा 0.5 ट्रिलियन डॉलर योगदान**

**25 मिलियन लोगों को मिलेगा रोजगार**

**नई दिल्ली, 14 जुलाई. गोल्डमैन सैक्स के सह-अध्यक्ष गुंजन समदानी ने सोमवार को कहा कि भारत अगले दशक में 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा. इसमें ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स का योगदान 0.5 ट्रिलियन डॉलर होगा, जिससे 20-25 मिलियन लोगों को रोजगार मिलेगा.**

सीआईआई जीसीसी शिखर सम्मेलन में समदानी ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होगा, और 2035 तक वैश्विक विकास का 65 प्रतिशत उभरते बाजारों से आएगा. उन्होंने भारत के जनसांख्यिकीय लाभ, एसटीईएम स्नातकों और एआई कौशल को प्रमुख कारक बताया.समदानी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को आज के आर्थिक परिदृश्य में सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तनकारी अवसर बताया, जिसके साथ 2025 तक वैश्विक प्रौद्योगिकी खर्च 4.92 ट्रिलियन डॉलर से अधिक होने का अनुमान है.

# एलजी ने लॉन्च की 2025 की स्मार्ट टीवी श्रृंखला

**अल्फा एआई प्रोसेसर जेन 2 से लैस नई सीरीज़**

**एआई पावर्ड टीवी में वॉइस और चैटबोट फीचर**

**नई दिल्ली, 14 जुलाई. एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने भारत में अपनी 2025 की उन्नत ओएलईडी ईवो और क्यूएनईडी ईवो टेलीविज़न श्रृंखला लॉन्च की है. ये एआई-पावर्ड टीवी नवीनतम अल्फा एआई प्रोसेसर जेन2 से लैस हैं, जो व्यक्तिगत अनुभव और शानदार चित्र-ध्वनि गुणवत्ता प्रदान करते हैं.**

इन टीवी की मुख्य विशेषता अल्फा एआई प्रोसेसर जेन2 है, जो उपयोगकर्ता के व्यवहार को समझकर अनुभव को अनुकूल बनाता है. एआई मैजिक रिमोट, वॉइस पहचान, सलाहकार, एआई खोज और चैटबोट जैसी सुविधाएँ व्यक्तिगत प्रोफाइल, कंटेंट सुझाव और स्मार्ट समाधान देती हैं. एआई चित्र और ध्वनि सहायक सेटिंग्स को स्वचालित रूप से समायोजित करते हैं.

ओएलईडी ईवो श्रृंखला चमक बढ़ाने वाली अल्टीमेट तकनीक और अल्फा 11 एआई प्रोसेसर जेन2 के साथ तीक्ष्ण दृश्य प्रदान करती है. डॉल्बी विज़न, एटमॉस और एआई साउंड प्रो बेहतरीन ऑडियो-विजुअल अनुभव देते हैं. क्यूएनईडी ईवो मॉडल में सूक्ष्म एलईडी तकनीक एआई प्रसंस्करण और गतिशील रंग समाधान के साथ मिलकर बेहतरीन और जीवंत रंग प्रदान करती है.

> 2025 की यह टीवी श्रृंखला वेबओएस रीन्यू कार्यक्रम के साथ आती है, जिसमें नया ऑपरेटिंग सिस्टम और व्यक्तिगत प्रोफ़ाइल आधारित होम स्क्रीन शामिल है. गेमिंग के लिए, ओएलईडी ईवो टेलीविजन 4के 165 हर्ट्ज ताज़ा दर और गेम ऑप्टिमाइज़र का समर्थन करते हैं. इस 2025 ओएलईडी ईवो श्रृंखला को सीईएस 2025 में 'सर्वश्रेष्ठ नवाचार पुरस्कार' सहित कई सम्मान मिल चुके हैं. एलजी का उद्देश्य तकनीक के ज़रिए लोगों की रोजमर्रा की ज़िंदगी को बेहतर बनाना है.

# थोक महंगाई दर शून्य से नीचे

**जून 2025 में डब्ल्यूपीआई - 0.13 प्रतिशत पर पहुँची**

**लगातार छह माह से गिरावट जारी**

**नयी दिल्ली, 14 जुलाई ( वार्ता ) खाद्य वस्तुओं, खनिज तेलों, कच्चा तेल और विनिर्मित मूल धातुओं के भावों में सालाना आधार पर नरमी के चलते थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रा स्फीति जून, 2025 में गिर कर शून्य से 0.13 प्रतिशत नीचे चली गयी.**

थोक महंगाई दर में पिछले छह माह से लगातार गिरावट चल रही है. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से आज जारी डब्ल्यूपीआई के ताजा आंकड़ों के अनुसार जून माह में सर्व-वस्तु थोक मूल्य सूचकांक 153.8 था. पिछले वर्ष इसी माह थोक मूल्य सूचकांक 153.9 और उस पर आधारित थोक मुद्रास्फीति 3.36 प्रतिशत थी. इस वर्ष मई के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार पिछले माह थोक मुद्रास्फीति 0.39 प्रतिशत थी.

अप्रैल के अंतिम आंकड़ों के अनुसार उस माह थोक मुद्रास्फीति 0.85 प्रतिशत रही जो मई में जारी अनंतिम आंकड़े के ही समान है.

मुद्रास्फीति के शून्य से नीचे जाने का तात्पर्य है कि कुल मिला कर थोक कीमत स्तर पिछली अवधि की तुलना में नीचे गिरा है.

# विश्व एक्सपो 2025 में चमकी भारतीय रेल तकनीक

**जापानी दर्शकों ने सराही वंदे भारत की रफ्तार**

**चिनाब ब्रिज ने दिखाई भारत की इंजीनियरिंग ताकत**

**जापान,14 जुलाई.जापान के ओसाका में चल रहे वर्ल्ड एक्सपो 2025 में भारतीय रेल की उपलब्धियां दुनियाभर का ध्यान आकर्षित कर रही हैं.**

देश की पहली स्वदेशी अत्याधुनिक ट्रेन वंदे भारत और जम्मू-कश्मीर में निर्मित चिनाब ब्रिज एक्सपो में आने वाले आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं. एक्सपो में आए जापानी दर्शकों द्वारा भारतीय रेल की इन आधुनिक तकनीकों और नवाचारों की जमकर प्रशंसा की जा रही है. जापान में भारत ने अपनी तकनीकी कौशल का शानदार प्रदर्शन किया है. वंदे भारत एक्सप्रेस और चिनाब ब्रिज भारतीय मंडप में प्रमुख आकर्षण हैं. कई जापानी दर्शक इन प्रदर्शनियों को उत्सुकता से देख रहे हैं, यह जानकर आश्चर्यचकित हैं कि भारत का रेलवे नेटवर्क दुनिया में सबसे बड़ा है और यह कितनी तेजी से आधुनिक व पर्यावरण के अनुकूल बन रहा है. दर्शकों ने भारत की इंजीनियरिंग क्षमता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता की भी सराहना की.

> एक्सपो में भारतीय रेलवे की प्रदर्शनी में तकनीक के साथ हो रहे बदलावों को नए सिरे से पेश किया गया है. युमेशिमा नामक एक कृत्रिम द्वीप पर शुरू हुआ यह एक्सपो आगामी 13 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें दुनिया भर से लाखों लोग आ रहे हैं. प्रदर्शनी में नए इलेक्ट्रिक इंजन और हरित तकनीक के साथ चिनाब ब्रिज को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया है, जो जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर बना दुनिया का सबसे ऊंचा रेल पुल है. इसके साथ ही, भारत का पहला केबल-स्पैन रेल ब्रिज अंजी खड्ड पुल भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है. तेज रफ्तार और आरामदायक सफर के लिए जानी जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें भी खास आकर्षण का विषय हैं.

# यूपीआई बना नंबर-1 पेमेंट सिस्टम

## वीज़ा को पीछे छोड़ भारत का डिजिटल पावरहाउस सबसे आगे

**नई दिल्ली, 14 जुलाई. भारत के संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को कहा कि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस अब दुनिया का टॉप रियल टाइम पेमेंट सिस्टम बन चुका है.**

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने एक्स पर यूपीआई की इस उपलब्धि को एक इंफोग्राफिक के साथ दर्शाया है. उनके द्वारा साझा किए गए यूपीआई आंकड़ों के अनुसार, 650.26 मिलियन डेली ट्रांजैक्शन काउंट के साथ यूपीआई ने वीजा

को भी पीछे छोड़ दिया है, जहां वीजा के लिए यह आंकड़ा 639 मिलियन दर्ज किया गया है. केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, भारत का डिजिटल पावरहाउस यूपीआई दुनिया भर में रियल टाइम पेमेंट सिस्टम को लेकर पहले पायदान पर पहुंच चुका है, जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक और परिवर्तनकारी उपलब्धि है. उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि यूपीआई का इस्तेमाल वर्तमान में 7 देशों में होता है, जिनमें सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), फ्रांस, भूटान, नेपाल, श्रीलंका और मॉरीशस शामिल है. इसके अलावा, कुछ अन्य देश भी यूपीआई को अपनाने को लेकर साझेदारी आगे बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं.

## हीरो मोटोकॉर्प का यूरोप में बड़ा विस्तार

**नयी दिल्ली, 14 जुलाई.** दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी हीरो मोटोकॉर्प तेजी से वैश्विक विस्तार कर रही है और उसकी योजना 2025-26 की दूसरी तिमाही में जर्मनी, फ्रांस, स्पेन और ब्रिटेन के बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने की है. कंपनी के चेयरमैन पवन मुंजाल ने यह बात कही है. मुंजाल ने कंपनी की 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि हीरो मोटोकॉर्प भविष्य में निवेश कर रही है - भारत और उससे आगे. उन्होंने आगे कहा कि कंपनी अपने मंच, जिसमें 'स्टार्टअप के लिए हीरो' पहल भी शामिल है, के जरिये अगली पीढ़ी के उद्यमियों को प्रोत्साहन दे रही है और उन्हें अनुसंधान एवं विकास की सुविधा तथा बाजार तक पहुंच दे रही है.मुंजाल ने कहा कि 2024-25 में कंपनी ने 'इलेक्ट्रिक परिवहन में अपनी अग्रणी स्थिति को और मजबूत किया है.उन्होंने कहा,एक साहसिक वैश्विक विस्तार योजना के तहत हीरो मोटोकॉर्प वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में जर्मनी, फ्रांस, स्पेन और ब्रिटेन में अपनी उपस्थिति का विस्तार करेगी.''


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की पूर्व मे मेरा नाम RAJNI था। जिसे बदलकर अब अपना नाम RAJNI GADPALE कर लिया है।
अतः भविष्य मे मुझे RAJNI GADPALE D/o RAJENDRA GADPALE के नाम से जाना जावे।
सही नाम : RAJNI GADPALE
पता : वार्ड नं. 12, मेन रोड, लिगां, बालाघाट (म.प्र.)



**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा आधार कार्ड जिसका न. 33449346 0118 जिसमे मेरा नाम इक़बाल जूबेरी पिता अज़हर अली जूबेरी निवासी - म.न. 02, गली 09-ए बैरसिया रोड आरिफ नगर भोपाल म.प्र. अंकित है एवं मेरा पासपोर्ट मे मेरा नाम अंग्रेजी मे Mohammed Iqbal Zuberee अंकित है। यह कि मेरा वास्तविक नाम इक़बाल जूबेरी (IQBAL ZUBERI) पिता अज़हर अली जूबेरी (AZHAR ALI ZUBERI) है और मेरा निवासी - म. न. 02, गली 09-ए बैरसिया रोड आरिफ नगर भोपाल म.प्र. है मेरा सही एवं वास्विक नाम इक़बाल जूबेरी (IQBAL_ZUBERI) पिता अज़हर अली जूबेरी (AZHAR ALI ZUBERI) है भविष्य मे उक्त नाम से ही जाना व पहचाना जाउंगा यदि किसी व्यक्ति/संस्था/सोसायटी / को मेरे नाम के संबंध मे कोई अपत्ति है तो वह पासपोर्ट कार्यालय डी.बी.मॉल के अंदर एम.पी. नगर भोपाल दिनांक 10/7/2025 से 18/07/2025 को पासपोर्ट कार्यालय डी.बी.मॉल के अंदर एम.पी. नगर म.प्र. के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराए तदानुसार सूचित है।


# निजी कंपनियों को सीएसआर पर खर्च बढ़ाने की जरूरत : क्रिसिल

**नयी दिल्ली, 14 जुलाई ( वार्ता ) खाड़ी देशों, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया में कुशल कामगारों की बढ़ती मांग को देखते हुए निजी कंपनियों को कौशल विकास में खर्च बढ़ाने की जरूरत है, ताकि इस अवसर का लाभ उठाया जा सके.**

बाजार अध्ययन कंपनी क्रिसिल की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2014-15 के अब तक देश की निजी कंपनियों ने कौशल विकास पर 2.22 लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं, जो उनके कुल सीएसआर खर्च का मात्र 3.5 प्रतिशत है. इसमें कहा गया है कि खाड़ी सहयोग परिषद, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया के देशों में कुशल कामगारों की काफी कमी है - विशेष रूप से स्वास्थ्य, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स और निर्माण क्षेत्र में कुशल लोगों की जरूरत है.

क्रिसिल की बिजनेस हेड बिनाइफर जहानी ने कहा कि सीएसआर निवेश को छिटपुट कौशल विकास गतिविधियों से कहीं आगे ले जाने की जरूरत है. सरकार की पहलों के साथ मिलकर सीएसआर में भारत के वैश्विक कार्यबल को तैयार करने की काफी क्षमता है. हमारे विश्लेषण में यह बात सामने आयी है कि इस क्षमता का इस्तेमाल करने के लिए चरणबद्ध तरीके से कौशल की पहचान करने और उन्हें प्राथमिकता देने की जरूरत है.क्रिसिल ने तीन तरह के कौशल विकास लक्ष्यों की पहचान की जरूरत बतायी है. अल्पावधि (एक से दो साल) में सीएसआर फंड को आसानी से सिखाये जा सकने वाले कौशलों पर फोकस करना चाहिए.

# पेमा खांडू की चीन को खरी-खरी

नई दिल्ली. चीन को तो अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी लाल आंख नहीं दिखा पाते हैं. उन्होंने एक बार लाल आंख दिखाई तो फिर फटाफट उसके साथ समझौता भी कर लिया. केंद्र में जब कांग्रेस की सरकार थी तब गुजरात का मुख्यमंत्री रहते नरेंद्र मोदी बार बार केंद्र सरकार को ललकारते थे कि वह चीन को लाल आंख दिखाए.


**NAME CHANGE**

14646715H Hav Ravindra Kumar Posted of 18 ENGR REGT (MEG) (Rapid) have changed my name from **Mr.Ravindra Kumar to Ravindra Kumar** that **Mr.Ravindra Kumar and Ravindra Kumar** is same and one identical men vide affidavit dated 18/06/2025



**CHANGE NAME & DOB**

I, Javed Hasan wrong D.O.B. 09/06/1966 (old name & D.O.B.) Passport Number A7520438 Residing at 1, Sindhi Market Road, Opp. Dr. Subhash Sharma Clinic, Huzur, Bhopal 462001 Hereby Declare that I have changed my name as Javed Husain D.O.B. 19/06/1966 (New Name & D.O.B.) ( Aadhar & Pan ) S/o Babu Ali Ahmed.



**भारतीय खाद्य निगम**

क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल (म.प्र.) 462011
दूरभाष: 0755-2573444, फैक्स : 0755-2573418, ईमेल: gmmp.fci@gov.in

क्र. एसएंडसी/13/एचटीसी/आरएण्डसीएनआईटी/2025/17 दिनांक: 15.07.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश क्षेत्र में जोखिम एवं खर्च पर नियमित हैंडलिंग एवं परिवहन ठेकेदार की नियुक्ति के लिए Government E Marketing Portal (URL:https://gem.gov.in) पर online प्रस्ताव आमंत्रित किये गये है। निविदा के बारे में विस्तृत विवरण वेबसाइट www.fci.gov.in & www.gem.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत एनआईटी एवं एमटीएफ में देखा जा सकता है। किसी विवाद की स्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य/वैध होगा।

महाप्रबंधक (क्षेत्र)



**AURANGABAD SMART CITY DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED (ASCDCL)**

**REQUEST FOR PROPOSAL**

ASCDCL invites firms possessing relevant capabilities to respond to this RFP for following

| Sr.No. | Title and Tender ID No. | Bid Due Date |
|---|---|---|
| 01 | Sant Tukaram Natyagruh Air Conditioning Works 2025_ASCDC_1200139_1 | 21-07-2025 05:00 PM |

The tender document can be downloaded from https://www.mahatenders.gov.in

Sd/-
Chief Executive Officer
Aurangabad Smart City Development Corporation Limited


# आजमगढ़ बना यूपी की राजनीति का नया रणक्षेत्र

**आजमगढ़, 14 जुलाई. उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर आज़मगढ़ सुर्खियों में है. यह वही जिला है, जिसे सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का गढ़ माना जाता है. लेकिन अब इस गढ़ में सेंध लगाने की कोशिश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार एक्टिव नजर आ रहे हैं.**

बीते 20 दिनों में सीएम योगी का यह आजमगढ़ में दूसरा बड़ा दौरा किया है, जिससे साफ है कि पूर्वांचल में सियासी बिसात बिछाई जा चुकी है. यूपी 2022 के चुनावों में पूर्वांचल के कई जिलों में बीजेपी कमजोर रही. ऐसे में सीएम योगी आजमगढ़ से चंदौली तक उस खाई को पाटने में जुट गए हैं. साल 2022 के विधानसभा चुनाव में पूर्वांचल बीजेपी के लिए कमजोर कड़ी साबित हुआ था. आजमगढ़ और अंबेडकरनगर जैसे जिलों में बीजेपी खाता भी नहीं खोल पाई थी, जबकि मऊ में भी पार्टी को सिर्फ एक सीट से संतोष करना पड़ा.


**Presiding Officer: श्रीमति इर्षिता पिपरेवार**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाश हेतु)
(RCSA/56/2023)
रामदास विरूद्ध चंद्राबाई व अन्य
पेशी दिनांक 12.08.2025

प्रेषिती,

1. चंद्राबाई पिता टोई उर्फ शोभा पति रमेश कुमार मालवीय, निवासी बेरसिया रोड ग्राम परवालिया, तहसील हुजुर, जिला भोपाल म.प्र.

यह कि प्रार्थी रामदास ने आपके विरुद्ध स्थायी निषेधाज्ञा के लिए वाद संस्थित किया है. आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाश के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/ हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है. आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनो का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति मे है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहें वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करा

न्यायालय की मुद्रा

श्रीमति इर्षिता पिपरेवार
न्यायाधीश
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड छिंदवाड़ा म.प्र.

कृपया ध्यान
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा।



कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड बैतूल (म.प्र.)
दूरभाष (07141) कार्यालय 238320, Email - eephedbet@mp.nic.in

कमांक 1734 /लेखा/का.यं./लोस्वायांवि.खंड/बैतूल/दिनांक 10.07.2025

//प्रथम निविदा आमत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य की निविदा ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **https://mptenders.gov.in** बैतूल जिले के विकासखंड भैंसदेही के ग्राम माजरवानी (सिंगाजीधाम) में पेयजल व्यवस्था हेतु थ्री फेस एच.पी. मोटरपंप स्थापित की जाकर 63 M.M. (एचडीपीई) 10 kg पाईप लाईन जोडने एवं बिछाने का कार्य हेतु निविदा, प्रतिशत दर पर दिनांक 01.09.2023 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर आमंत्रित की जाती हैं:-

| स.क. | निविदा सूचना कमांक व दिनांक | ऑनलाईन ई-टेण्डर आई.डी. | कार्य का विवरण | निविदा की अनुमानित लागत (रू लाख में) | धरोहर राशि (रू में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू में) | कार्यपूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 19/2025-26 /Dt.10-07-2025 | 2025_PHED_425648_1 | बैतूल जिले के विकासखंड भैंसदेही के ग्राम माजरवानी (सिंगाजीधाम) में पेयजल व्यवस्था हेतु थ्री फेस एच.पी. मोटरपंप स्थापित की जाकर 63 M.M. (एचडीपीई) पाईप लाईन जोडने एवं बिछाने का कार्य। (खनिज मद) | 6.69 | 13380 | 2000 | 60 दिवस वर्षाकाल सहित | नवीन केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली |
| | | | ऑनलाईन निविदा विक्रय की प्रारम्भिक तिथि व समय | :- | 10.07.2025 | 11.00 | | |
| | | | ऑनलाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि व समय | :- | 26.07.2025 | 17.30 | | |
| | | | ऑनलाईन निविदा खोलने की संभावित तिथि व समय | :- | 28.07.2025 | 11.00 | | |

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाईट पर (Online System) ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। आवश्यक होने पर निविदा से संबंधित समस्त शुद्धिपत्र उपरोक्त वेबसाईट पर जारी किये जायेगें।

कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड
बैतूल (म.प्र.)

G15625/25



**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
Office of the General Manager (City) Circle
Old Kisan Bank Building, Sultaniya Road, Bhopal- 462001
Phone : 0755-2678226, E-mail : secitybhopal@gmail.com, secitypur@gmail.com
Ref. No. GM/CC/PUR/2025-26/3685-86 Bhopal, Dated : 12.07.2025

**TENDER NOTICE**

MPMKVVCL, Bhopal invites bids for following item through e-tendering.

| Particulars | Approx. Value (In Lakh) | Tender fee (Rs.) | EMD (In Rs.) | Date of Opening of Tender |
|---|---|---|---|---|
| "E-Tender for Supply of Telescopic Ladder for all offices situated under City Circle Bhopal. | 4.00 | 590.00 | 8000.00 | 29.07.2025 at 3:30 PM |

Other details, terms and conditions are available on company Website : **https://portal.mpcz.in** & **https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/121089/2025 GENERAL MANAGER (CITY)



**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN COMPANY LIMITED**
OFFICE OF THE GENERAL MANAGER (CITY CIRCLE)
Old Kisan Bhawan Building, Sultania Road, Bhopal 462001
Phone : 0755-2678225, Fax : 2678225, E-mail : secitybhopal@gmail.com, secitybhopal@yahoo.com
No.: GM/CC/Veh/2025-26/ 3711 Bhopal, Dated : 14.07.2025

**OFFER FOR HIRING VEHICLE**

MPMKVVCL, hereby invited offer/rate for hiring the below mentioned type of vehicle in the following locations

| Name of Unit /Office | Particulars | Due Date of Submission of offer | Opening Date & Time |
|---|---|---|---|
| DGM Vigilance (West-East) City Circle Bhopal | Type-B New Vehicle Jeep/MUV's and equivalent, (AC) Model-2025 | 30.07.2025 up to 3:00 P.M. | 30.07.2025 at 3:30 p.m. |

Other details, terms and condition are available on company website: **https://portal.mpcz.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/121091/2025 GENERAL MANAGER (CITY)